# 01 दिशा परीक्षण

1. एनी पश्चिम दिशा की ओर चलना शुरू करती है। 2 किमी. चलने के बाद वह दाएँ मुड़ती है और 3 किमी. चलती है। फिर वह अपने बाएँ मुड़ती है और 4 किमी. चलती है। अब वह किस दिशा में जा रही है?

**CRPF (HCM) 28/02/2023**

(a) पश्चिम (b) दक्षिण
(c) उत्तर (d) पूर्व

2. X सीधे दक्षिण की ओर चलना शुरू करता है। 5 मी. चलने के बाद वह बायीं ओर मुड़ा और 3 मी. चला। इसके बाद वह दायीं ओर मुड़ा और 5 मी. चला। अब X का मुख किस दिशा की ओर है?

**Delhi Police 18/12/2018**

(a) उत्तर-पूर्व (b) दक्षिण
(c) उत्तर (d) दक्षिण-पश्चिम

3. रितिक अपने कार्यालय से सीधे पूर्व की ओर गया और 4 किमी. की यात्रा करने के बाद दाएँ मुड़ गया। यहां से, वह 3 किमी. की दूरी तय की और फिर से दाएँ मुड़ गया। 4 किमी. की दूरी तय करने के बाद, वह अंततः बाएँ मुड़ गया और सीधे यात्रा की। रितिक अंत में किस दिशा में बढ़ रहा था?

**SSC CPO 25/11/2020**

(a) दक्षिण-पश्चिम (b) दक्षिण
(c) दक्षिण-पूर्व (d) उत्तर

4. एक व्यक्ति उत्तर दिशा की ओर 25 मी. चलता है तथा फिर दाएँ मुड़कर 20 मी. चलता है। उसके बाद बाएँ मुड जाता है तथा 22 मी. चलता है उसके बाद दाएँ मुड़कर 28 मी. चलता है तथा फिर बाएँ मुड़कर 20 मी. चलता है। अंत में दाएँ मुड़कर 18 मी. सीधा चला जाता है, बताइयें अब वह किस दिशा में चल रहा है?

(a) पूर्व (b) पश्चिम
(c) दक्षिण (d) उत्तर

5. एक दिन शुभम पूर्व दिशा की ओर 30 मी. चलता है। उसके बाद बाएँ मुड़कर 28 मी. चलता है। तथा फिर दाएँ मुड़कर 32 मी. चलता है। उसके बाद बाएँ मुड़कर 25 मी. चलता है तथा फिर दाएँ मुड़कर 31 मी चलता है। अंत में दाएँ मुड़ता है। तथा 35 मी. की दूरी तय करने के लिए सीधा चला जाता है, तो बताइये अब वह किस दिशा में जा रहा है?

(a) पूर्व (b) पश्चिम
(c) दक्षिण (d) उत्तर

6. रोहन किसी दिशा में चलना प्रारम्भ करता है, वह 20 मी. चलने के बाद बाएँ मुड़कर 15 मी. चलता है। और फिर दाएँ मुड़ता है और 15 मी. चलता है, वह पुनः दाएँ मुड़ता है और 5 मी चलता है, फिर वह बाएँ मुड़कर 10 मी. चलता है, फिर वह दाएँ मुड़कर चलना प्रारंम्भ करता है। यदि उसकी अंतिम दिशा पश्चिम है, तो उसने आरम्भ में किस दिशा में चलना प्रारम्भ किया था?

(a) पूर्व (b) पश्चिम
(c) दक्षिण (d) उत्तर

7. अनिश किसी दिशा में 20 मी. चलता है, इसके पश्चात वह दाएँ मुड़कर 10 मी. चलता है, फिर वह बाएँ मुड़ता है और 15 मी. चलता है, वह पुनः दाएँ मुड़कर 10 मी. चलता है, फिर बाएँ, मुड़कर 10 मी. चलता है, वह फिर बाएँ मुड़कर 15 मी. चलता है। और अंत में वह बाएँ मुड़कर चलना प्रारम्भ करता है, यदि उसकी अंतिम दिशा दक्षिण थी, तो उसने आरंभ में किस दिशा में चलना प्रारंम्भ किया था?

(a) पूर्व (b) पश्चिम
(c) दक्षिण (d) उत्तर

8. सैम अपने घर से पश्चिम की ओर 10 मी. चला। फिर वह बायीं ओर मुड़कर 5 मी. चला। इसके बाद वह बायीं ओर मुड़कर 10 मी. चला और अंत में वह बायीं ओर मुड़कर 10 मी. चला। अब वह अपने आरंभिक बिंदु से किस दिशा में है?

**Delhi Police MTS 29/12/2018**

(a) दक्षिण (b) उत्तर
(c) दक्षिण-पूर्व (d) दक्षिण-पश्चिम

9. एक व्यक्ति दक्षिण की ओर 5 किमी. चलता है और फिर दायीं ओर मुड़ जाता है। 3 किमी. चलने के बाद वह बायीं ओर मुड़ता है और 5 किमी. चलता है। अब वह आरंभिक स्थान से किस दिशा में है?

**Delhi Police MTS 17/12/2018**

(a) पश्चिम (b) दक्षिण
(c) उत्तर-पूर्व (d) दक्षिण-पश्चिम

10. एक व्यक्ति दक्षिण की ओर 5 किमी. चलता है और फिर दायीं ओर मुड़ जाता है। 3 किमी. चलने के बाद वह बायीं ओर मुड़ता है और 4 किमी. चलता है। और फिर वह 10 किमी. वापस चला जाता है। अब वह आरंभिक स्थान से किस दिशा में है?

**Delhi Police MTS 04/01/2019**

(a) दक्षिण-पूर्व (b) उत्तर-पश्चिम
(c) दक्षिण (d) पश्चिम

11. एक पक्षी अपने घोंसले से 25 मी. उत्तर-पूर्व की ओर उड़ता है। इसके बाद यह दाएँ मुड़ता है और 7 मी. की उड़ान भरता है। फिर से, यह दाएँ मुड़ता है और 75 मी. की उड़ान भरता है। पक्षी अब अपने घोंसले से किस दिशा में है?

**Delhi Police SI. 10/11/2022**

(a) उत्तर-पूर्व (b) पूर्व
(c) दक्षिण-पश्चिम (d) उत्तर-पश्चिम

12. स्कूल जाते समय, रोहित अपने घर से 2 किमी. के लिए सीधे जाता है, फिर एक बार बाएँ मुड़ता है और 4 किमी. की यात्रा करता है। यहां से, वह दाएँ मुड़ता है, और 2 किमी. की दूरी तय करने के बाद, वह फिर से दायीं ओर मुड़ता है और अंत में स्कूल पहुंचने के लिए 2 किमी. की यात्रा करता है। यदि वह अंततः पश्चिम की ओर यात्रा कर रहा था, तो स्कूल से उसका घर किस दिशा में है?

**SSC CPO 25/11/2020**

(a) दक्षिण-पश्चिम (b) उत्तर-पश्चिम
(c) पश्चिम (d) उत्तर

13. अर्जुन अपने घर से दक्षिण की ओर 40 मी. चलता है, और फिर वह बाएँ मुड़ता है और 55 मी. चलता है। फिर, वह एक और बार बाएँ मोड़ लेता है और 15 मी. चलता है। फिर, वह बाएँ मुड़ता है फिर से 55 मी. चलता है। अब वह अपने घर से कितनी दूर है?

**SSC CPO 24/11/2020**

(a) 35 (b) 15
(c) 30 (d) 25

14. श्याम पूर्व की ओर 5 किमी. चलता है और फिर बाएँ मुड़कर 6 किमी. चलता है। फिर से वह दाएँ मुड़ता है और 9 किमी. चलता है। अंत में वह अपने दाएँ मुड़ता है और 6 किमी. चलता है। वह आरंभिक बिंदु से कितनी दूर है?

**Delhi Police MTS 26/12/2018**

(a) 26 किमी. (b) 21 किमी.
(c) 14 किमी. (d) 9 किमी.

15. प्रिंस भाटी पूर्व की ओर 4 मी. चलता है, फिर अपने दाएँ मुड़ता है और 4 मी. चलता है और फिर अपने बाएँ मुड़कर 5 मी. चलता है। फिर से अपने बाएँ मुड़कर 4 मी. चलता है और रुक जाता है। आरंभिक बिंदु और समाप्ति बिंदु के बीच न्यूनतम दूरी क्या है?

**Delhi Police MTS 21/12/2018**

(a) 10 किमी. (b) 8 किमी.
(c) 9 किमी. (d) 1 किमी.

**16.** रवि घर से निकला और उसने 10 किमी. दक्षिण की ओर साइकिल चलाई, फिर दाएँ मुड़ गया और 5 किमी. साइकिल चलाई और फिर दाएँ मुड़कर 10 किमी. साइकिल चलाई। इसके बाद वह बाएँ मुड़ा और 10 किमी. साइकिल चलाई। सीधे अपने घर पहुँचने के लिए उसे कितने किलोमीटर साइकिल चलानी होगी?

**Delhi Police MTS 04/01/2019**

(a) 10 किमी. (b) 15 किमी.
(c) 20 किमी. (d) 25 किमी.

**17.** एक व्यक्ति उत्तर की ओर 5 मी. चलता है, बाएँ मुड़ता है और 10 मी. चलता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 20 मी. चलता है और फिर से दाएँ मुड़ता है और 10 मी. चलता है। वह आरंभिक बिंदु से कितनी दूर है?

**Delhi Police MTS 24/12/2018**

(a) 30 मी. (b) 10 मी.
(c) 15 मी. (d) 25 मी.

**18.** रोहित दक्षिण की ओर 25 मी. चला। फिर वह अपने बायीं ओर मुड़ा और 20 मी. चला। फिर वह अपनी बायीं ओर मुड़ा और 25 मी. चला। वह फिर से अपनी दायीं ओर मुड़ा और 15 मी. चला। वह आरंभिक बिंदु से कितनी दूरी पर है और किस दिशा में है?

**Delhi Police MTS 02/01/2019**

(a) 35 मी. पूर्व (b) 35 मी. उत्तर
(c) 30 मी. पश्चिम (d) 45 मी. पूर्व

**19.** साहिल एक निश्चित बिंदु से 5 किमी. उत्तर की ओर जाता है। फिर वह अपने दायीं ओर मुड़कर 3 किमी. चलता है। इसके बाद वह अपने दायीं ओर मुड़कर 5 किमी. चलता है। अंत में वह बायीं ओर मुड़कर 4 किमी. चलता है। अब वह निश्चित बिंदु से कितनी दूर और किस दिशा में है?

**Delhi Police MTS 20/12/2018**

(a) 4 किमी., पश्चिम (b) 7 किमी. पूर्व
(c) 9 किमी., पूर्व (d) 7 किमी.,पश्चिम

**20.** रसिक उत्तर की ओर 20 मी. चला। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 30 मी. चलता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 35 मी. चलता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 15 मी. चलता है। अंत में वह बाएँ मुड़ता है और 15 मी. चलता है। वह आरंभिक स्थिति से किस दिशा में और कितने मीटर की दूरी पर है?

**Delhi Police MTS 09/01/2019**

(a) 15 मी. पश्चिम (b) 30 मी. पूर्व
(c) 30 मी. पश्चिम (d) 45 मी.पूर्व

**21.** रितु एक निश्चित बिंदु से उत्तर की ओर 30 किमी. जाती है, फिर अपने दाएँ मुड़ने के बाद वह 15 किमी. जाती है। इसके बाद वह दायीं ओर मुड़कर 30 किमी. चलती है। वह अपने आरंभिक बिंदु से कितनी दूर और किस दिशा में है?

**Delhi Police MTS 28/12/2018**

(a) 45 किमी., पूर्व (b) 15 किमी., पूर्व
(c) 45 किमी., पश्चिम (d) 45 मी.,उत्तर

**22.** प्रतिमा अपने घर से निकलती है और उत्तर की ओर 29 मी. चलती है और फिर दाएँ मुड़ती है और 16 मी. चलती है। अब वह फिर से दाएँ मुड़ती है और 17 मी. चलती है। वह फिर से दाएँ मुड़ती है और 21 मी. चलने के बाद रुक जाती है। अब प्रतिमा और उसके घर के बीच न्यूनतम दूरी कितनी है? (यह मानते हुए कि सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

**SSC CPO 09/11/2022**

(a) 17 किमी. (b) 18 किमी.
(c) 13 किमी. (d) 12 किमी.

**23.** एक दिन जॉन ने अपने नए खरीदे गए स्केट्स का उपयोग करके स्कूल जाने का फैसला किया । इसलिए, वह अपने घर से निकला और 15 किमी. उत्तर की ओर स्केटिंग की, फिर बाएँ मुड़ा और 7 किमी. स्केटिंग की, फिर बाएँ मुड़ा और 15 किमी. स्केटिंग की, और फिर अंत में दाएँ मुड़कर 13 किमी. स्केटिंग की। उसके घर से उसके स्कूल की सीधी दूरी कितनी है?

**SSC CPO 11/11/2022**

(a) 20 किमी. (b) 6 किमी.
(c) 2 किमी. (d) 28 किमी.

**24.** अर्जुन पूर्व की ओर चलना शुरू कर देता है, 50 मी. चलने के बाद वह अपनी बायीं ओर मुड़ता है और 15 मी. चलता है। वहां से वह फिर से बायीं ओर मुड़ता है और 30 मी. चलता है । अंत में वह अंतिम बार बायीं ओर मुड़ता है और 15 मी. चलता है। वह शुरुआती बिंदु से कितनी दूर है?

**SSC CPO 16/03/2019**

(a) 40 मी. (b) 10 मी.
(c) 20 मी. (d) 30 मी.

**25.** अपने घर से अविनाश कपिल के घर गया जो उसके खुद के घर से 500 मी. उत्तर-पूर्व में स्थित है। वहां से, वे दोनों वरुण के घर गए जो कपिल के घर के दक्षिण में 400 मी. पर स्थित है। अविनाश के वर्तमान स्थान एवं आरंभ में उसके स्थान के बीच की न्यूनतम दूरी कितनी है?

**SSC CPO 16/03/2019**

(a) 900 मी. (b) 400 मी.
(c) 300 मी. (d) 500 मी.

**26.** रींकी अपने घर से पूर्व की तरफ 70 मी. चली और फिर दाएँ मुड़ी तथा 50 मी. चल कर डाक घर पहुंची। वहां से वह फिर से दाएँ मुड़ी और 150 मी. चल कर बाजार पहुंची जहाँ से वह बाएँ मुड़ी और कुछ मीटर चल कर विद्यालय पहुंची। यदि रिंकी के घर तथा विद्यालय की हवाई दूरी 170 मी. है, तो बाजार एवं विद्यालय के बीच कितनी हवाई दूरी है?

**SSC CPO 13/03/2019**

(a) 70 मी. (b) 90 मी.
(c) 100 मी. (d) 120 मी.

**27.** अहमत उत्तर की ओर 40 मी. चला, बाएँ मुड़ा और 30 मी. चला। फिर वह दाएँ मुड़ा और 35 मी. चला। अंत में, वह अपने अंतिम गंतव्य तक पहुंचने के लिए लगातार दो बार दाएँ मुड़ा और क्रमशः 30 मी. और 25 मी. की दूरी तय की। अब वह अपने घर से कितनी दूर और किस दिशा में है?

**Delhi Police S.I 09/11/2022**

(a) दक्षिण की ओर 25 मी.
(b) उत्तर की ओर 50 मी.
(c) उत्तर की ओर 15 मी.
(d) पूर्व की ओर 25 मी.

**28.** प्रिंस बिंदु A से पूर्व की ओर 6 किमी. ड्राइव करता है और दाएँ मुड़ता है और 3 किमी. ड्राइव करता है। वह फिर से दाएँ मुड़ता है और 8 किमी. ड्राइव करता है। वह एक और बार दाएँ मुड़ता है और बिंदु B तक पहुँचने के लिए 3 किमी. ड्राइव करता है। बिंदु A पर फिर से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए?

**Delhi Police S.I 11/11/2022**

(a) 4 किमी. पश्चिम की ओर
(b) 2 किमी. उत्तर की ओर
(c) 2 किमी. पूर्व की ओर
(d) 4 किमी. दक्षिण की ओर

**29.** करण बिंदु X से उत्तर की ओर 6 किमी. ड्राइव करता है। वह बाएँ मुड़ता है और 3 किमी. ड्राइव करता है। वह फिर से बाएँ मुड़ता है और 3 किमी. ड्राइव करता है। वह बाएँ मुड़ता है और 6 किमी. ड्राइव करता है। वह दाएँ मुड़ता है और बिंदु B तक पहुँचने के लिए 3 किमी. ड्राइव करता है। बिंदु X पर फिर से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए?

**Delhi Police MTS 11/11/2022**

(a) 5 किमी. पूर्व की ओर
(b) 3 किमी. पश्चिम की ओर
(c) 4 किमी. उत्तर की ओर
(d) 2 किमी. दक्षिण की ओर

**30.** राजेश बिंदु X से पश्चिम की ओर 4 किमी. ड्राइव करता है और दाएँ मुड़ता है और 8 किमी. ड्राइव करता है। वह फिर से दाएँ मुड़ता है और 8 किमी. ड्राइव करता है। वह फिर से एक और बार दाएँ मुड़ता है और 4 किमी. ड्राइव करता है। अंत में वह दाएँ मुड़ता है और बिंदु B तक पहुँचने के लिए 4 किमी. ड्राइव करता है। बिंदु X पर फिर से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए?

**Delhi Police S.I 09/11/2022**

(a) 3 किमी. उत्तर की ओर
(b) 2 किमी. पूर्व की ओर
(c) 4 किमी. दक्षिण की ओर
(d) 4 किमी. पश्चिम की ओर

**31.** उमेश सीधे P से Q तक गया जो 9 फीट दूर है। फिर वह दायीं ओर मुड़ता है और 4 फीट चलता है। इसके बाद वह दायीं ओर मुड़ा और कुछ दूर चला जो P से Q के बराबर है। अंत में वह दायीं ओर मुड़ा और 3 फीट चला। वह अब P से कितनी दूर है?

**Delhi Police MTS 27/12/2018**

(a) 6 फीट (b) 5 फीट
(c) 1 फीट (d) 0 फीट

**32.** राधा दक्षिण-पूर्व की ओर 7 किमी. चलती है, फिर वह पश्चिम की ओर चलती है और

14 किमी. की दूरी तय करती है। यहाँ से वह उत्तर-पश्चिम की ओर 7 किमी. चलती है और अंत में वह पूर्व की ओर 4 किमी. चलती है। वह अब आरंभिक बिंदु से कितनी दूर है?

**Delhi Police MTS 27/12/2018**

(a) 3 किमी. (b) 4 किमी.
(c) 10 किमी. (d) 11 किमी.

**33.** मोहन अपने घर से दक्षिण ओर सीधे 30 मी. चलता है। वहां से, वह दो बार लगातार दाएँ मुड़ता है और क्रमशः 6 मी. और 24 मी. की दूरी तय करता है। अंत में, वह बाएँ मुड़ता है और किराने की दुकान तक पहुंचने के लिए 2 मी. की दूरी तय करता है। उसके घर और किराने की दुकान के बीच न्यूनतम दूरी कितनी है?

**SSC CPO 11/11/2022**

(a) 12 मी. (b) 6 मी.
(c) 8 मी. (d) 10 मी.

**34.** अनीता अपने घर से प्रारंभ करके दक्षिण की ओर 6 किमी. साइकिल चलाती है और फिर बाएँ मुड़कर 8 किमी. साइकिल चलाती है। वह फिर से बाएँ मुड़ती है और अपने स्कूल पहुँचने के लिए A किमी. साइकिल चलाती है। बिंदु X उसके स्कूल के पश्चिम में है और साथ ही उसके घर से उत्तर में 3 किमी. दूरी पर है। A का मान क्या है?

**SSC CPO 10/11/2022**

(a) 9 किमी. (b) 3 किमी.
(c) 7 किमी. (d) 11 किमी.

**35.** रॉकी बिंदु A से प्रारंभ करके पूर्व की ओर 3 किमी. ड्राइव करता है। वह बाएँ मुड़ता है और 4 किमी. ड्राइव करता है। वह फिर से बाएँ मुड़ता है और 3 किमी. ड्राइव करता है। वह एक और बार बाएँ मुड़ता है और 2 किमी. ड्राइव करता है और B पर रुकता है। बिंदु A पर फिर से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए?

**SSC CPO 10/11/2022**

(a) 2 किमी. दक्षिण की ओर
(b) 3 किमी. दक्षिण की ओर
(c) 3 किमी. पूर्व की ओर
(d) 2 किमी. उत्तर की ओर

**36.** A और B एक सीधी पूर्व-पश्चिम सड़क पर एक-दूसरे से 20 किमी. की दूरी पर खड़े है। A और B एक साथ क्रमशः पूर्व और पश्चिम की ओर चलना प्रारंभ करते है और दोनों 5 किमी. की दूरी तय करते है। फिर A अपनी बायीं ओर मुड़कर 10 किमी. चलता है। तथा B अपनी दाँयी ओर मुड़कर 10 किमी. चलता है। फिर दोनों अपने बायीं ओर मुड़कर उसी गति से 5 km की दूरी तय करते हैं। उन दोनों के बीच में कितनी दूरी है?

(a) 10 किमी. (b) 20 किमी.
(c) 30 किमी. (d) इनमें से कोई नहीं

**37.** एक व्यक्ति पूर्व दिशा में 100 मी. चलता है, उसके बाद बाँये मुड़कर 50 मी. चलता है। तथा फिर बाएँ मुड़कर 75 मी. चलता है। उसके बाद फिर से बाँये मुड़ता है तथा 60 मी. चलता है तथा फिर दाँये मुड़कर 25 मी. चलता है, तो बताइये अब वह व्यक्ति प्रारम्भिक बिंदु से कितनी दूर व किस दिशा में है?

(a) 15 मी. पूर्व (b) 20 मी. पश्चिम
(c) 10 मी. दक्षिण (d) 25 मी. उत्तर

**38.** प्रणीत उत्तर दिशा में 20 किमी. चलता है। उसके बाद दायीं और मुड़ता है और 10 किमी. चलता है, वह फिर दायीं और मुड़ता है तथा 10 किमी. चलता है। अंत में वह फिर से दायीं ओर तथा 10 किमी. चलता है, प्रणीत प्रारंभिक बिंदु से कितनी दूर तथा किस दिशा में है?

(a) 10 किमी. पूर्व (b) 10 किमी. पश्चिम
(c) 10 किमी. दक्षिण (d) 10 किमी. उत्तर

**39.** सोनम पूर्व दिशा में 50 किमी. चलती है, उसके बाद बायीं ओर मुड़कर 40 किमी. फिर दायीं और मुड़कर 20 किमी. फिर दायीं ओर मुड़कर 40 किमी चलती है, फिर दायीं ओर मुड़कर 10 किमी चलती है, तो बताएँ सोनम प्रारंभिक बिंदु से कितनी दूर तथा किस दिशा में है।

(a) 60 किमी. पूर्व (b) 56 किमी. पश्चिम
(c) 70 किमी. दक्षिण (d) 60 किमी. उत्तर

**40.** मोहित पूर्व दिशा में 40 किमी. साईकिल चलाता है, फिर बायीं और मुड़कर 20 किमी. चलता है। तथा अंत में फिर बायीं ओर मुड़कर 20 किमी. चलता है, तो बताएँ मोहित प्रारंम्भिक बिंदु से कितनी दूरी तथा किस दिशा में है?

(a) $20\sqrt{2}$, उत्तर-पूर्व
(b) $20\sqrt{2}$, पूर्व-पश्चिम
(c) 20, दक्षिण-पूर्व
(d) इनमें से कोई नहीं

**41.** राजन 6 किमी पश्चिम दिशा में चलता है तथा वह दाएँ मुड़ता है और 8 किमी चलता है, फिर वह बाएँ मुड़ता है और 9 किमी चलता है, अंत में वह दांयें मुड़कर 12 किमी चलता है। वह प्रारंभिक बिंदु से कितनी दूरी तथा किस दिशा में है?

(a) 25 किमी. उत्तर-पश्चिम
(b) 25 किमी. उत्तर-पूर्व
(c) 20 किमी. दक्षिण
(d) इनमें से कोई नहीं

**42.** प्रशांत 40 किमी. उत्तर दिशा में चलता है, फिर दायीं ओर मुड़ता है तथा 70 किमी. चलता है, फिर बायीं ओर मुड़ता है और 30 किमी. चलता है अंत में वह फिर दायीं और मुड़ता है और 30 किमी चलता है। अंत में फिर वह दायीं और मुड़ता है तथा 70 किमी. चलता है, तो बताएँ प्रारंम्भिक बिंदु से वह कितनी दूरी तथा किस दिशा में है–

(a) 100 किमी. पश्चिम (b) 100 किमी. पूर्व
(c) 100 किमी. दक्षिण (d) 100 किमी. उत्तर

**43.** दीपू दक्षिण दिशा में देख रहा है, उसके बाद वह घड़ी की दिशा में 135° घूमता है, फिर घड़ी की विपरीत दिशा में 90° घूमता है, फिर घड़ी की दिशा में 180° घूमता है, फिर घड़ी की विपरीत दिशा में 135° तथा अंत में दोबारा से घड़ी की विपरीत दिशा में 45° घूमता है बताएँ अब दीपू का मुँह किस दिशा में है–

(a) उत्तर-पूर्व (b) पूर्व
(c) दक्षिण-पश्चिम (d) उत्तर-पश्चिम

**44.** हनि दक्षिण-पूर्व दिशा में देख रहा है, उसके बाद वह घड़ी की दिशा में 225° घूमता है, फिर घड़ी की विपरीत दिशा में 180° घूमता है, फिर 90° घड़ी की दिशा में तथा अंत में 135° घड़ी की विपरीत दिशा में घूमता है, बताएँ अब हनि का मुँह किस दिशा में है?

(a) उत्तर-पूर्व (b) पूर्व
(c) दक्षिण-पूर्व (d) उत्तर-पश्चिम

**45.** सना उत्तर-दिशा में देख रही है, वह घड़ी की दिशा में 90° घूमती है, फिर 135° उसी दिशा में घूमती है और फिर 270° घड़ी की विपरीत दिशा में घूमती है, अब सना किस दिशा में देख रही है?

(a) उत्तर-पूर्व (b) पूर्व
(c) दक्षिण-पूर्व (d) उत्तर-पश्चिम

**46.** अरूण पूर्व दिशा में देख रहा है, उसके बाद वह निम्न प्रकार से घूमता है 3R, 2R, 1R, 3L, 2L, 1L, 1R तो बताएँ अब अरूण का मुँह किस दिशा में है?

(a) उत्तर-पूर्व (b) पूर्व
(c) दक्षिण (d) उत्तर-पश्चिम

**47.** प्रणन दक्षिण-पश्चिम दिशा में देख रहा है, उसके बाद वह निम्न प्रकार से घूमता है 18R, 25L, 30R, 33L, 55R, 18L, 22R, 99L, तो बतायें अब उसका मुँह किस दिशा में है?

(a) उत्तर-पूर्व (b) पूर्व
(c) दक्षिण-पूर्व (d) उत्तर-पश्चिम

**48.** रोहन पश्चिम दिशा में देख रहा है और 45° दक्षिणावर्त, फिर से 180° दक्षिणावर्त और फिर 225° वामावर्त मुड़ता है। अब वह किस दिशा में देख रहा है?

**SSC CPO 12/12/2019**

(a) पश्चिम (b) पूर्व
(c) दक्षिण (d) उत्तर

**49.** एक व्यक्ति का मुख पूर्व दिशा में है। इसके बाद वह 45° वामावर्त तथा फिर 180° वामावर्त एवं इसके बाद 225° दक्षिणावर्त मुड़ता है। उसका मुख अभी किस दिशा में है?

**SSC CPO 16/03/2019**

(a) पश्चिम (b) उत्तर
(c) दक्षिण (d) पूर्व

**50.** यदि उत्तर-पूर्व को दक्षिण-पूर्व कहा जाए, और पूर्व को दक्षिण कहा जाए तो बताए उत्तर-पश्चिम को क्या कहा जाएगा–

(a) दक्षिण-पूर्व (b) दक्षिण-पश्चिम
(c) उत्तर-पूर्व (d) उत्तर-पश्चिम

**51.** यदि दक्षिण-पूर्व को उत्तर कहा जाए, उत्तर-पूर्व को पश्चिम कहा जाए तो बताएँ उत्तर-पश्चिम को क्या कहा जाएगा–

(a) उत्तर (b) पश्चिम
(c) पूर्व (d) दक्षिण

**52.** एक दिन सुबह के समय R व S आमने-सामने खड़े होकर बातें कर रहे थे।

S की परछाई R के बाएँ थी। R का मुँह कौन सी दिशा में था?

(a) उत्तर (b) पश्चिम
(c) पूर्व (d) दक्षिण

**53.** एक दिन शाम के समय Z और Y आमने- सामने खड़े होकर बातें कर रहे थे-
Z की परछाई Y के बाँये थी।
(i) Y का मुँह कौन-सी दिशा में था-
(a) उत्तर (b) पश्चिम
(c) पूर्व (d) दक्षिण

**54.** एक दिन सुबह के समय विकाश व अमन आमने-सामने खड़े होकर बातें कर रहे थे। अमन की परछाई विकाश के बाँये थी।
(i) अमन का मुँह कौन-सी दिशा में था-
(a) उत्तर (b) पश्चिम
(c) पूर्व (d) दक्षिण

**55.** एक दिन शाम के समय A तथा B आमने -सामने खड़े होकर बाते कर रहे थे, B की परछाई A के दाँयें थी-
(i) A का मुँह के कौन-सी दिशा में है-
(a) उत्तर (b) पश्चिम
(c) पूर्व (d) दक्षिण

**56.** एक दिन सुबह के समय Y तथा Z आमने-सामने खड़े होकर बात कर रहे थे, Z की परछाई Y के दाँयें थी।
**(i)** Y का मुँह कौन-सी दिशा में है
(a) उत्तर (b) पश्चिम
(c) पूर्व (d) दक्षिण

**57.** सुबह के समय प्रेम और जीत आमने सामने खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। प्रेम की परछाई जीत के बायीं और पड़ रही थी, तो बताएँ जीत का मुँह किस दिशा में था?
(a) उत्तर (b) पश्चिम
(c) पूर्व (d) दक्षिण

**58.** एक सुबह अमर और समीर एक-दूसरे से बात कर रहे थे, यदि इस समय समीर की परछाई अमर के बाएँ है, तो
(i) समीर का मुँह किस दिशा में है
(a) उत्तर (b) पश्चिम
(c) पूर्व (d) दक्षिण

**59** I, A के पूर्व में है। R, B के पश्चिम में है, जो I के दक्षिण में है। K जोकि R और B के मध्य में है A के दक्षिण में है। R, I के संदर्भ में किस दिशा में है?
(a) उत्तर-पूर्व (b) पूर्व
(c) दक्षिण-पश्चिम (d) उत्तर-पश्चिम

**60.** खुशी, नवीन से पूर्व की ओर है, जो दया से दक्षिण-पश्चिम की ओर है, जो प्रेम से उत्तर-पूर्व की ओर है। प्रेम, दया से दक्षिण-पश्चिम की ओर है और नवीन से दक्षिण की ओर प्रेम के संदर्भ में खुशी किस दिशा में है-
(a) उत्तर-पूर्व (b) पूर्व
(c) दक्षिण-पश्चिम (d) उत्तर-पश्चिम

**61.** परांदा शहर ग्रीनलेक पर अवस्थित है शहर आक्रम, परांदा के पश्चिम में है। शहर थोकाड़ा, आक्रम के पूरब में लेकिन परांदा के पश्चिम में स्थित है। शहर कक्रम, बोपरी के पूर्व में लेकिन थोकाड़ा और आक्रम के पश्चिम में है। यदि ये सभी शहर एक ही जिले में हो ते बताएँ कि सबसे पश्चिम में कौन-सा शहर है-
(a) परांदा (b) बोपरी
(c) थेकाड़ा (d) इनमें से कोई नहीं

**62.** Y, Z के दक्षिण-पश्चिम की ओर है। X, Y के पूर्व और Z के दक्षिण पूर्व की ओर है तथा W, X के उत्तर की ओर, Y और Z के साथ समरेखा पर है। Z के किस दिशा में W स्थित है-
(a) उत्तर-पूर्व (b) पूर्व
(c) दक्षिण-पश्चिम (d) उत्तर-पश्चिम

**63.** A का घर K के घर से 45 मी. दक्षिण में है Q का घर S के घर से 50 मी. दक्षिण में है J का घर 30 मी पश्चिम में A के घर तक है N का घर K के घर से 50 मी. उत्तर की ओर है S का घर N के घर से 30 मी. पश्चिम में है J के घर के संदर्भ में Q का घर किस दिशा में ओर कितनी दूरी पर है?
(a) 45 मी उत्तर (b) 45 मी पूर्व
(c) 45 मी दक्षिण (d) 45 मी पश्चिम

**64.** बाबू, रहीम का पड़ोसी है ओर उसका मकान पश्चिमोत्तर दिशा में 200 मी. की दूरी पर है जोसेफ, रहीम का पड़ोसी है और उसका मकान दक्षिण-पश्चिम दिशा में 200 मी. की दूरी पर है गोपाल जोसेफ का पड़ोसी है और वह दक्षिण-पूर्व दिशा में 200 मी. की दूरी पर रहता है। राय, गोपाल का पड़ोसी है और उसका मकान पूर्वोत्तर दिशा में 200 मी. की दूरी पर है राय का मकान बाबू के मकान की दिशा में स्थित है-
(a) उत्तर-पूर्व (b) पूर्व
(c) दक्षिण-पूर्व (d) उत्तर-पश्चिम

**65.** $P + Q$ का अर्थ है, P, Q के उत्तर में है।
$P \times Q$ का अर्थ है, P, Q के दक्षिण में है।
$P \div Q$ का अर्थ है, P, Q के पूर्व में है।
$P - Q$ का अर्थ है, P, Q के पश्चिम में है।
यदि $M \div N + O - Z$ हो, तो Z, N कि किस दिशा में है?
(a) उत्तर-पूर्व (b) पूर्व
(c) दक्षिण-पूर्व (d) उत्तर-पश्चिम

**66.** $Z \times Y$ का अर्थ है, Z, Y के दक्षिण में है।
$Z + Y$ का अर्थ है, Z, Y के उत्तर में है।
$Z \div Y$ का अर्थ है, Z, Y के पूर्व में है।
$Z - Y$ का अर्थ है, Z, Y के पश्चिम में है।
यदि $F \div Q + R - S$ हो, तो S, Q कि किस दिशा में है?
(a) उत्तर-पूर्व (b) पूर्व
(c) दक्षिण-पूर्व (d) उत्तर-पश्चिम

**67.** प्रेमा कॉलेज में जाना चाहती है। वह पूर्व दिशा में स्थित अपने घर से चलना प्रारंम्भ करती है और चौराहें पर पहुँच जाती है उसके बायीं ओर वाली सड़क एक सिनेमाघर पर जाकर समाप्त हो जाती है, उसके सामने की ओर अस्पताल है बताएँ कि कॉलेज कौन-सी दिशा में है?
(a) उत्तर (b) पूर्व
(c) दक्षिण-पूर्व (d) उत्तर-पश्चिम

**68.** T पूर्व कि ओर चलकर एक चौराहे पर पहुँचा वह कॉलेज जाना चाहता है। उसके सामने वाली सड़क बाजार को जाती है, उसके बायीं ओर सड़क राष्ट्रीय पार्क को जाती है किस दिशा में कॉलेज है-
(a) उत्तर (b) पूर्व
(c) दक्षिण (d) उत्तर-पश्चिम

**69.** एक घड़ी में 9 : 15 बजे है, यदि इस समय मिनट की सुई उत्तर दिशा में हो तो बताइयें 4 : 22 बजे मिनट की सुई की दिशा क्या होगी-
(a) उत्तर-पूर्व (b) पूर्व
(c) दक्षिण (d) उत्तर-पश्चिम

**70.** श्याम उत्तर में 7 किमी. चलता है, फिर वह अपनी दाई ओर मुड़ता है और 3 किमी. चलता है। वह फिर से अपनी दाई ओर मुड़ता है और 7 किमी. चलता है। अब वह अपने प्रारंभिक बिंदु से किस दिशा में है?
**UPP Const. 17/02/2024 Shift 1**
(a) पश्चिम (b) दक्षिण
(c) पूर्व (d) उत्तर

**71.** एक व्यक्ति उत्तर दिशा में 7 किमी. चलता है, फिर बायीं ओर मुड़ता है और 4 किमी. चलता है, फिर से बायीं ओर मुड़ता और 9 किमी. चलता है, फिर से बायीं ओर मुड़ता है और 4 किमी. चलता है। व्यक्ति प्रारंभिक बिंदु से कितनी दूर है?
**UPP Const. 17/02/2024 Shift 2**
(a) 2 किमी. (b) 11 किमी.
(c) 13 किमी. (d) 16 किमी.

**72.** एक व्यक्ति अपने घर से चलना शुरू करता है और 10 किमी. पश्चिम की ओर चलता है, फिर दाएँ मुड़ता है और 7 किमी. चलता है, फिर से दाएँ मुड़ता है और 14 किमी. चलता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 4 किमी. चलता है और अंत में बाएँ है और 4 किमी. चलता है। वह व्यक्ति अपने घर से कितनी दूरी पर है?
**UPP Const. 17/02/2024 Shift 1**
(a) 10 किमी. (b) 11 किमी.
(c) 14 किमी. (d) 17 किमी.

**73.** एक व्यक्ति अपने घर से पूर्व की ओर 10 किमी. चलता है, फिर दाएँ मुड़ता है और 5 किमी. चलता है, फिर से दाएँ मुड़ता है और 11 किमी. चलता है, फिर से दाएँ मुड़ता है और 5 किमी. चलता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 1 किमी. चलता है। वह व्यक्ति अपने घर से कितनी दूरी पर है?
**UPP Const. 18/02/2024 Shift 2**
(a) 6 किमी. (b) 16 किमी.
(c) 2 किमी. (d) 15 किमी.

**74.** कबीर पश्चिम दिशा की ओर 8 किमी. चलता है, फिर वह अपनी दाई ओर मुड़ता है और 2 किमी. चलता है। वह फिर से अपनी दाई ओर

मुड़ता है और 5 किमी. चलता है। वह अपने शुरूआती बिंदु से किस दिशा में है?

UPP Const. 18/02/2024 Shift 2

(a) दक्षिण-पूर्व (b) उत्तर-पश्चिम
(c) पश्चिम (d) उत्तर

**75.** यदि पूर्व, उत्तर बन जाता है; पश्चिम, दक्षिण बन जाता है; और इसी तरह आगे भी सभी दिशाओं को बदल दिया जाता है, तो फिर दक्षिण क्या बनेगा?

UPP Const. 18/02/2024 Shift 2


(a) पूर्व (b) पश्चिम
(c) दक्षिण (d) उत्तर

## उत्तरमाला


| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (a) | 2. | (b) | 3. | (b) | 4. | (a) | 5. | (c) | 6. | (c) | 7. | (d) | 8. | (b) | 9. | (d) | 10. | (b) |
| 11. | (c) | 12. | (b) | 13. | (d) | 14. | (c) | 15. | (c) | 16. | (b) | 17. | (d) | 18. | (a) | 19. | (b) | 20. | (d) |
| 21. | (b) | 22. | (c) | 23. | (a) | 24. | (c) | 25. | (c) | 26. | (c) | 27. | (b) | 28. | (c) | 29. | (b) | 30. | (c) |
| 31. | (c) | 32. | (c) | 33. | (d) | 34. | (a) | 35. | (a) | 36. | (a) | 37. | (c) | 38. | (d) | 39. | (a) | 40. | (a) |
| 41. | (a) | 42. | (b) | 43. | (c) | 44. | (c) | 45. | (d) | 46. | (c) | 47. | (a) | 48. | (a) | 49. | (d) | 50. | (c) |
| 51. | (d) | 52. | (a) | 53. | (d) | 54. | (d) | 55. | (a) | 56. | (d) | 57. | (a) | 58. | (d) | 59. | (c) | 60. | (a) |
| 61. | (b) | 62. | (a) | 63. | (a) | 64. | (c) | 65. | (c) | 66. | (c) | 67. | (a) | 68. | (c) | 69. | (a) | 70. | (c) |
| 71. | (a) | 72. | (b) | 73. | (c) | 74. | (b) | 75. | (a) | | | | | | | | | | |

## विस्तृत हल


**Ans. 1. (a)**





**short trick–**





**Ans. 2. (b)**





**Short Trick–**





**Ans. 3. (b)**





**short trick–**





**Ans. 4. (a)**




**Ans. 5. (c)**





**Ans. 6. (c)**





Note:- प्रारम्भिक दिशा ज्ञात करने के लिए प्रत्येक दाएँ को बाएँ तथा प्रत्येक बाएँ को दाएँ बनाते हैं।


**Ans. 7. (d)**





**Ans. 8. (b)**





**Short Trick–**





**Ans. 9. (d)**




**Short Trick–**



**Ans. 10. (b)**





**Short Trick–**


| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| 10 | | 5 | 3 |
| | | 4 | |

दिशा ⟶ उत्तर-पश्चिम

**Ans. 11. (c)**





**Ans. 12. (b)**




अत: स्कूल से उसका घर उत्तर-पश्चिम दिशा में है।

**Ans. 13. (d)**





दूरी = (40 – 15) = 25 मी.

**Short Trick–**

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| 15 | ~~55~~ | 40 | ~~55~~ |

दूरी = 40 – 15 = 25 मी.

**Ans. 14 (c)**





प्रारंभिक बिंदु से (9 + 5 = 14)

**Short Trick–**

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| ~~6~~ | 5 | ~~6~~ | |
| | 9 | | |

दूरी ⟶ (5 + 9) = 14 km

**Ans. 15. (c)**





न्यूनतम दूरी 9 मीटर है।

**Short Trick–**

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| ~~4~~ | 4 | ~~4~~ | |
| | 5 | | |

दूरी ⟶ (4+5) = 9 मी.

**Ans. 16. (b)**





(10+5) = 15 किलोमीटर रवि को साइकिल चलानी होगी

**Short Trick–**

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| ~~10~~ | – | ~~10~~ | 5 |
| | | | 10 |

दूरी ⟶ (5 + 10) = 15 km

**Ans. 17. (d)**





(20 + 5) = 25 m

**Short Trick–**

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| 5 | ~~10~~ | – | ~~10~~ |
| 20 | | | |

दूरी ⟶ (5 + 20) = 25 मी.

**Ans. 18. (a)**




20 + 15 = 35 m पूर्व


**Short Trick–**

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| ~~25~~ | 20 | ~~25~~ | – |
| | 15 | | |

दिशा ⟶ पूर्व

दूरी ⟶ (20 + 15) = 35 मी.

**Ans. 19. (b)**




वह पूर्व दिशा में 7 किमी दूर है।


**Short Trick–**

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| ~~5~~ | 3 | ~~5~~ | – |
| | 4 | | |

दिशा ⟶ पूर्व

दूरी ⟶ (3+4) = 7 किमी.

**Ans. 20. (d)**




प्रारंभिक स्थान से 30 + 15 = 45 मीटर पूर्व में हैं।


**Short Trick–**

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| 20 | 30 | ~~35~~ | – |
| 15 | 15 | | |
| ~~35~~ | | | |

दिशा ⟶ पूर्व

दूरी ⟶ (30 + 15) = 45 m

### Ans. 21. (b)




प्रारंभिक बिंदु से 15 किमी पूर्व में हैं।


**Short Trick–**

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| ~~30~~ | 15 | ~~30~~ | – |

दिशा ⟶ पूर्व

दूरी ⟶ 15 km

### Ans. 22. (c)




न्यूनतम दूरी = $\sqrt{2^2 + 5^2} = 13m$

$\sqrt{169} = M$

M = 13

**Short Trick–**

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| 29 | 16 | 17 | 21 |


दिशा — दूरी

उ. ⟶ (29 – 17) = 12

पू. ⟶ (21 – 16) = 5

$\sqrt{12^2 + 5^2} \longrightarrow 13$ km

### Ans. 23. (a)





(13 + 7) = 20 किमी दूर है।

**Short Trick–**

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| ~~15~~ | – | ~~15~~ | 7 |
| | | | 13 |

दूरी ⟶ (7+13) = 20 km

### Ans. 24. (c)




(x – y) = 50 – 30 = 20 m


**Short Trick–**

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| ~~15~~ | 50 | ~~15~~ | 30 |


दूरी ⟶ (50 – 30) = 20 मी.

### Ans. 25. (c)

अविनाश के घर और वरूण के घर के बीच की दूरी 300 मीटर है।




### Ans. 26 (c)





XE = 170 मीटर

XF = 150 – 70 = 80 मीटर

EF = $\sqrt{170^2 - 80^2} = 150$

बाजार और स्कूल के बीच की दूरी (DE) = 150 – 50 = 100 मीटर

### Ans. 27. (b)




50 उत्तर की ओर है।


**Short Trick–**

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| 40 | ~~30~~ | 25 | ~~30~~ |
| 15 | | | |
| 75 | | | |

दिशा ⟶ उत्तर

दूरी ⟶ (75–25) = 50 मी.

### Ans. 28. (c)




पूर्व दिशा में 2 km ड्राइव करनी चाहिए।


**Short Trick–**

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| ~~3~~ | 6 | ~~3~~ | 8 |

दूरी ⟶ (8 – 6) = 2 km

दिशा ⟶ वर्तमान में प्रिंस पश्चिम दिशा में है, बिन्दु A पर पहुँचने के लिए उसे **'पूर्व'** दिशा में ड्राइव करनी चाहिए।

### Ans. 29. (b)




3 किमी पश्चिम में ड्राइव करनी होगी


**Short Trick–**

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| ~~6~~ | 6 | 3 | 3 |
| | | 3 | |
| | | ~~6~~ | |

दूरी ⟶ (6–3) = 3 km

दिशा ⟶ करण की वर्तमान दिशा 'पूर्व' है। बिन्दु X पर पहुँचने लिए उसे **'पश्चिम'** दिशा में ड्राइव करनी चाहिए।

### Ans. 30. (c)




4 km दक्षिण दिशा में ड्राइव करनी होगी।


**Short Trick–**

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| 8 | ~~8~~ | 4 | 4 |
| | | | 4 |
| | | | ~~8~~ |

दूरी ⟶ (8 – 4) = 4 km

दिशा ⟶ राजेश वर्तमान में 'उत्तर' दिशा में है, बिन्दु x पर पहुँचने के लिए उसे **'दक्षिण'** दिशा में ड्राइव करनी चाहिए।

**Ans. 31. (c)**





P से 1 फीट दूर है

**Short Trick–**

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| ~~9~~ | 4 | ~~9~~ | 3 |


दूरी → (4 – 3) = 1 फीट

**Ans. 32. (c)**




10 किमी दूर है।

**Ans. 33. (d)**




$8^2 + 6^2 = X^2$

$64 + 36 = X^2$

$100 = X^2$

$\sqrt{100} = X \Rightarrow 10$

**Short Trick–**

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| 24 | – | 30 | 6 |
| | | | 2 |
| | | | 8 |

द. → (30 – 24) = 6


प. → 8

दूरी $= \sqrt{8^2 + 6^2}$

$= \sqrt{100}$


= 10 मी.

**Ans. 34. (a)**




A = 6 + 3 ⇒ 9

**Ans. 35. (a)**





**Short Trick–**

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| 4 | ~~3~~ | 2 | ~~3~~ |

दूरी → (4 – 2) = 2 km


दिशा → रॉकी वर्तमान में 'उत्तर' दिशा में है, बिन्दु A पर पहुँचने के लिए उसे **'दक्षिण'** दिशा में ड्राइव करनी चाहिए।

**Ans. 36. (a)**




20–10 = 10 km

**Ans. 37. (c)**





**Short Trick–**

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| 50 | ~~100~~ | 60 | 75 |
| | | | 25 |
| | | | ~~100~~ |

दूरी → (60 – 50) = 10 मी.

दिशा → दक्षिण

**Ans. 38. (d)**




प्रणीत प्रा. बिन्दु से 10 किमी, उत्तर में हैं।


**Short Trick–**

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | पशि. (W) |
|---|---|---|---|
| 20 | ~~10~~ | 10 | ~~10~~ |

दूरी → (20 – 10) = 10 कि.मी.

दिशा → उत्तर

**Ans. 39. (a)**





अथवा

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| ~~40~~ | 50 | ~~40~~ | 10 |
| | 20 | | |
| | 70 | | |

(70 – 10) = 60 किमी. पूर्व

**Ans. 40. (a)**




$\sqrt{(20)^2 + (20)^2}$

$\sqrt{400 + 400}$

$\sqrt{800}$

$\sqrt{2 \times 400}$

$20\sqrt{2}$ = km उत्तर-पूर्व

**Short Trick–**

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| 20 | 40 | – | 20 |

दिशा

उ. → 20

पू. → (40 – 20) = 20

दूरी $= \sqrt{(20)^2 + (20)^2}$

$= \sqrt{800}$

$= 20\sqrt{2}$

**Ans. 41. (a)**

**Short Trick–**

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| 8 | – | – | 6 |
| 12 | | | 9 |
| | | | 15 |

उ. (N) → 20

प. (W) → 15

दूरी $\rightarrow \sqrt{(20)^2 + (15)^2}$

$\sqrt{400 + 225}$

$\sqrt{625}$


= 25 km उत्तर-पश्चिम

**Ans. 42. (b)**

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| 40 | 70 | ~~70~~ | – |
| 30 | 30 | | |
| ~~70~~ | 100 | | |

दूरी ⟶ (70+30) = 100 किमी.
दिशा ⟶ पूर्व


**Ans. 43. (c)**



| CW | ACW |
|---|---|
| ~~135°~~ | 90° |
| 180° | ~~135°~~ |
| | 45° |

CW ⟶ 45°
⇒ दक्षिण पश्चिम


**Ans. 44. (c)**



| CW | ACW |
|---|---|
| 225° | 180° |
| 90° | 135° |
| ~~315~~ | ~~315~~ |

⇒ दक्षिण-पूर्व


**Ans. 45. (d)**



| CW | ACW |
|---|---|
| 90° | 270° |
| 135° | |
| 225° | 270° |

ACW⟶ 45°
⇒ उत्तर-पश्चिम


**Ans. 46. (c)**



| R | L |
|---|---|
| 7R | 6L |

एक बार दाएँ = दक्षिण


**Ans. 47. (a)**



| R | L |
|---|---|
| 125R | 175L |

= 50/4 = 2 बार बाएँ - विपरीत दिशा
= उत्तर-पूर्व


**Ans. 48. (a)**



| दक्षिणावर्त C.W | वामावर्त A.C.W |
|---|---|
| 45° | 225° |
| 180° | |
| ~~225°~~ | ~~225°~~ |

दिशा- पश्चिम
अत: दिशा में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।


**Ans. 49. (d)**



| C.W | A.C.W |
|---|---|
| 45° | 225° |
| 180° | |
| ~~225°~~ | ~~225°~~ |


दिशा ⟶ पूर्व
अत: उसकी दिशा में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

**Ans. 50. (c)**




उ.पू. ⟶ द. पू.
पू. ⟶ द.
उ. प. ⟶ ?
⇒ उत्तर-पूर्व।

**Ans. 51. (d)**




द. पू. ⟶ उत्तर
उ. पू. ⟶ पश्चिम
उ. पश्चिम ⟶ ?
⇒ दक्षिण

**Ans. 52. (a)**




= सुबह-पूर्व
= बाएँ

**Ans. 53. (d)**




शाम-पश्चिम
बाएँ

**Ans. 54. (d)**




सुबह ⟶ पूर्व

**Ans. 55. (a)**




शाम-पश्चिम
दाएँ

**Ans. 56. (d)**




सूबह-पूर्व
दाएँ

**Ans. 57. (a)**




सुबह- पूर्व
बाएँ


**Ans. 58. (d)**



**Ans. 59. (c) दक्षिण-पश्चिम**




**Ans. 60. (a) ( उत्तर-पूर्व )**




**Ans. 61. (b) बोपरी**

बोपरी-कक्रम-आक्रम-थोकाड़ा-परांदा


**Ans. 62. (a)** उत्तर-पूर्व




**Ans. 63. (a)** उत्तर, 45 m





**Ans. 64. (c) दक्षिण-पूर्व**




**Ans. 65. (c) दक्षिण-पूर्व**





**Ans. 66. (c)**





दक्षिण-पूर्व


**Ans. 67. (a) उत्तर**





**Ans. 68. (c) दक्षिण**




**Ans. 69. (a) उत्तर-पूर्व**




**Ans. 70. (c)**





श्याम अपने प्रारंभिक बिंदु से पूर्व दिशा की ओर हैं।

**Short Trick–**

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| ~~7~~ | 3 | ~~7~~ | – |

दिशा ⟶ पूर्व

**Ans. 71. (a)**





व्यक्ति प्रारंभिक बिन्दु से 2 km दूर स्थित है।

**Short Trick–**

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| 7 | ~~4~~ | 9 | ~~4~~ |

दूरी ⟶ (9–7) = 2 km

**Ans. 72. (b)**





व्यक्ति अपने घर से 11 km की दूरी पर है।

**Short Trick–**

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| 7 | ~~14~~ | – | 10 |
| 4 | | | 4 |
| 11 | | | ~~14~~ |

दूरी ⟶ (7+4) = 11 km

**Ans. 73. (c)**





व्यक्ति अपने घर से 2 km की दूरी पर है।

**Short Trick–**

| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| ~~5~~ | 10 | ~~5~~ | 11 |
| | | | 1 |
| | | | 12 |

दूरी ⟶ (12–10) = 2 km

**Ans. 74. (b)**




कबीर अपने शुरूआती बिन्दु से उत्तर-पश्चिम दिशा में है।


| उ. (N) | पू. (E) | द. (S) | प. (W) |
|---|---|---|---|
| 2 | 5 | – | 8 |

उ. ⟶ 2

प. ⟶ (8-5) = 3

दिशा ⟶ उत्तर-पश्चिम

**Ans. 75. (a)**




दक्षिण, पूर्व बन जाएगा।

# Sandeep Sir Super – 20

1. एक व्यक्ति पश्चिम दिशा की ओर मुँह करके खड़ा है। उसके बाद वह घड़ी की दिशा में 90° घूमता है, उसके बाद वह घड़ी की वपरीत दिशा में 135° घूमता है, तथा फिर घड़ी दिशा में 135° घूमता है अंत में वह 180° घड़ी की विपरीत दिशा में घूमता है तो बताइये अब उस व्यक्ति का मुँह कौन सी दिशा में है।
(a) पूर्व (b) पश्चिम
(c) उत्तर (d) दक्षिण

2. राकेश उत्तर दिशा में मुँह करके खड़ा है। उसके बाद वह घड़ी की दिशा में (दक्षिणावर्त) 225° घूमता है तथा फिर घड़ी की विपरीत दिशा में (वामावर्त) 135° घूमता है। उसके बाद वह घड़ी की दिशा में (दक्षिणावर्त) 180° घूमता है तथा फिर अंत में 225° घड़ी की विपरीत दिशा में (वामावर्त) घूमता है। बताइये उस व्यक्ति का मुँह अब कौन-सी दिशा में है?
(a) उत्तर-पूर्व (b) पूर्व
(c) दक्षिण-पूर्व (d) उत्तर-पश्चिम

3. मोहन पूर्व दिशा की ओर मुँह करके खड़ा है। वह पहले घड़ी की विपरीत दिशा में 135° घूमता है। फिर 180° उसी दिशा में घूमता है। अंत में 315° घड़ी की दिशा में घूमता है। बताइयें अब मोहन का मुँह कौन सी दिशा में है?
(a) पश्चिम (b) पूर्व
(c) उत्तर-पूर्व (d) दक्षिण

4. कीर्ति दक्षिण-पश्चिम दिशा की ओर देख रही है। उसके बाद वह निम्न प्रकार से घूमती है।
2 बार दाएँ, 3 बार बाएँ, 3 बार दाएँ, 2 बार बाएँ, 2 बार दाएँ, 3 बार बाएँ
बताइयें अब उसका मुँह कौन सी दिशा में है?
(a) उत्तर-पश्चिम (b) दक्षिण-पूर्व
(c) दक्षिण (d) पूर्व

5. एक व्यक्ति पूर्व दिशा में 50 मी. चलता है उसके बाद वह दायीं और मुड़कर 48 मी. चलता है तथा फिर बायीं ओर मुड़ता है तथा 45 मी. फिर वह दांयी ओर मुड़ता है तथा 40 मी. चलता है। उसके बाद बायीं ओर मुड़कर 42 मी. चलता है। तथा अंत में दांयी ओर मुड़कर 48 मी. चलने के लिए सीधा चला जाता है। बताइये अब वह किस दिशा में जा रहा है?
(a) पूर्व (b) उत्तर
(c) दक्षिण (d) पश्चिम

6. साक्ष्य उत्तर दिशा में 20 मी. चलता है उसके बाद वह बाएँ मुड़कर 18 मी. चलता है। तथा फिर दाएँ मुड़ता है और 15 मी. चलता है, उसके बाद बाएँ मुड़कर 17 मी. चलता है। तथा फिर दाएँ मुड़ता है तथा 19 मी. चलता है अंत में बाएँ मुड़कर 17 मी. चलता है बताइये अब उसका मुँह कौन सी दिशा में है?
(a) पश्चिम (b) पूर्व
(c) दक्षिण (d) उत्तर

7. मोहन किसी दिशा में चलना शुरू करता है 35 मी. चलने के बाद दाएँ मुड़ता है। तथा 30 मी. चलता है, उसके बाद बाएँ मुड़कर 25 मी. चलता है तथा फिर दाएँ मुड़कर 28 मी. चलता है। उसके बाद बाएँ मुड़कर 30 मी. चलता है। तथा फिर दाएँ मुड़कर चलना प्रांरम्भ करता है। यदि उसकी अंतिम दिशा पश्चिम थी तो बातइये उसने किस दिशा में चलना शुरू किया था?
(a) पूर्व (b) पश्चिम
(c) उत्तर (d) दक्षिण

8. शानू पूर्व दिशा में 100 मी. चलता है उसके बाद वह बाएँ मुड़कर 50 मी. चलता हैं। तथा फिर बाएँ मुड़कर 80 मी. चलता है। वह फिर से बाएँ मुड़ता है। तथा 90 मी. चलता है। अंत में दाएँ मुड़कर 20 मी. चलता है। तो बताइये अब वह प्रारम्भिक बिंदु से कितनी दूर व कौन सी दिशा में है?
(a) 35 मी. पूर्व (b) 40 मी. दक्षिण
(c) 40 मी. उत्तर (d) 42 मी. पश्चिम

9. मधुर उत्तर दिशा में 15 किमी. चलता है फिर दाएँ मुड़ता है तथा 10 किमी. चलता है। फिर दाएँ मुड़ता है तथा 30 किमी. चलता है। फिर बाएँ मुड़ता है 18 किमी. चलता है। फिर बाएँ मुड़कर 15 किमी. चलता है। तो बताइये अब वह प्रारम्भिक बिंदु से कितनी दूर व कौन सी दिशा में है?
(a) 28 किमी. उत्तर (b) 18 किमी. पूर्व
(c) 28 किमी. पूर्व (d) 45 मी. दक्षिण

10. रोहन पूर्व दिशा में 70 मी. चलता है। उसके बाद दांयी ओर मुड़ता है तथा 25 मी. चलता है फिर बाएी ओर मुड़ता है तथा 40 मी. चलता है, फिर से बाएँ मुड़ता है तथा 100 मी. चलता है, वह फिर से बाएँ मुड़ता है तथा 110 मी. चलता है, तो बताइये प्रारंभिक बिंदु से अब वह कितनी दूर तथा कौन सी दिशा में है?
(a) 100 मी. उत्तर (b) 75 मी. उत्तर
(c) 75 मी. दक्षिण (d) 80 मी. दक्षिण

11. पवन एक निश्चित बिंदु से 30 मी. उत्तर की ओर चलता है। उसके बाद दाईं ओर मुड़ता है तथा 30 मी. चलता है। तथा उसके बाद बायीं ओर मुड़कर 20 मी. चलता है तथा फिर दोनों बार बायीं ओर मुड़कर क्रमशः 30 मी. तथा 20 मी. चलता है। तो बताइये अब वह प्रारंभिक बिंदु से कितनी दूरी पर है?
(a) 30 मी. उत्तर (b) 30 मी. दक्षिण
(c) 50 मी. उत्तर (d) 45 मी. उत्तर

12. एक व्यक्ति दक्षिण दिशा में मुँह करके खड़ा है। उसके बाद बायीं ओर मुड़कर 30 मी. चलता है। तथा फिर उत्तर की ओर 40 मी. चलता है। उसके बाद वह पश्चिम की ओर 60 मी. चलता है। अंत में वह एक बार बाएी ओर मुड़कर 80 मी. चलता है। बताइये वह व्यक्ति प्रारंभिक बिंदु से कितनी दूर है?
(a) 45 मी. (b) 50 मी.
(c) 60 मी. (d) 70 मी.

13. रानी अपने घर 50 मी. उत्तर दिशा में चलती है, उसके बाद दाएँ मुड़ती है तथा 30 मी. चलती है। फिर वह दाएँ मुड़ती है तथा 80 मी. चलती है। अंत में वह दाएँ मुड़कर 70 मी. चलती है बताइये अब वह प्रारंभिक बिंदु से कितनी दूरी व किस दिशा में है?
(a) 50 मी. उत्तर-पूर्व
(b) 50 मी. दक्षिण-पश्चिम
(c) 40 मी. दक्षिण-पश्चिम
(d) 60 मी. दक्षिण-पश्चिम

14. दो मित्र अनुज और विक्रम एक ही स्थान से चलना शुरू करते हैं। अनुज 10 किमी. दक्षिण की ओर चलता है, उसके बाद अपने दाईं ओर मुड़कर 9 किमी. चलता है विक्रम उत्तर की ओर मुड़कर 2 किमी. चलता है। तथा फिर पश्चिम की ओर मुड़कर 15 किमी. चलता है। फिर अंत में अपने बायीं ओर मुड़कर 12 किमी. चलता है तो बताइये A के संदर्भ में अब B कितनी दूरी व कौन सी दिशा में है?
(a) 8 किमी. पश्चिम (b) 12 किमी. पूर्व
(c) 6 किमी. पूर्व (d) 6 किमी. पश्चिम

15. गाँव किसुवागढ़ी, गाँव सारंगपुर के पश्चिम में है। गाँव गंगथला, किसुवागढ़ी के पूर्व में लेकिन गाँव सारंगपुर के पश्चिम में है। गाँव हवीपुर, जहाजपुर के पूर्व में, लेकिन गंगथला और किसुवागढ़ी के पश्चिम में है। तो बताइये पश्चिम दिशा में कौन सा गाँव है?
(a) जहाजपुर (b) सारंगपुर
(c) किसुवागढ़ी (d) गंगथला

16. पाँच शहर Z, Y, C, W, V हैं Y, Z के उत्तर में है। C, Y के पूर्व में है। V, Z के पश्चिम में है। W, V के दक्षिण में है। तो बताइये C, के संदर्भ में V कौन-सी दिशा में है?
(a) पूर्व (b) दक्षिण-पश्चिम
(c) उत्तर-पूर्व (d) उत्तर-पश्चिम

17. F, G, H, I, J पाँच मित्र हैं। J, G के 80 मी. बाएँ है। F, H 40 मी. बाएँ है। I, J के 40 मी. दाएँ और H के 100 मी. दाएँ है। तो बताइये F और G आपस में कितनी दूरी पर है?
(a) 90 मी. (b) 190 मी.
(c) 180 मी. (d) 140 मी.

18. एक व्यक्ति उत्तर दिशा की ओर देख रहा है, तो बताइये उस व्यक्ति को निम्न में से किस प्रकार घुमायें ताकि व्यक्ति का मुँह पश्चिम दिशा की ओर हो जाये?
(a) R, L, L, R, R, L, L, R
(b) R, R, L, L, R, L, L, L
(c) R, R, L, R, L, L, R
(d) L, R, R, L, R, L, L

19. एक दिन सुबह के समय साक्ष्य तथा रोहन आमने-सामने खड़े होकर बातचीत कर रहे थे, रोहन की परछाई साक्ष्य के दाएँ पड़ रही थी तो बताएं साक्ष्य का मुँह का मुँह कौन सी दिशा मे होगा?

(a) पूर्व (b) पश्चिम
(c) उत्तर (d) दक्षिण

20. एक दिन शाम के समय सभ्यता तथा बंटी आमने-सामने खड़े होकर बाते कर रहे थे, सभ्यता की परछाई बंटी के बाएँ पड़ रही थी। तो सभ्यता का मुँह कौन-सी दिशा में है?

(a) पूर्व (b) उत्तर
(c) दक्षिण-पश्चिम (d) उत्तर-पश्चिम

## Sandeep Sir Super – 20

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (d) | 2. | (a) | 3. | (b) | 4. | (b) | 5. | (c) | 6. | (a) | 7. | (d) | 8. | (b) | 9. | (c) | 10. | (b) |
| 11. | (a) | 12. | (b) | 13. | (b) | 14. | (d) | 15. | (a) | 16. | (b) | 17. | (c) | 18. | (d) | 19. | (d) | 20. | (b) |